# प्रतिवेदन

**परियोजना का नाम** :– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड मोरी में कोटगाँव(नैटवाड) से कलाप मोटर मार्ग ( लम्बाई–15.00 कि0मी0 ) के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मन्त्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आय और उत्पादन रोजगार अवसरों के अधिक मात्रा में सृजन एंव स्थायी रूप से गरीबी निवारण करने के उद्देश्य से पर्वतीय क्षेत्र में 270 से अधिक आवादी वाले असंयोजित बसावटों **कलाप** को किसी भी बारहमासी सम्पर्क मार्ग से जोड़ने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा हैं। उक्त के क्रम में सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखंड शासन के पत्रांक संख्याः 329/पी1-34(phase-XVI)/यू0आर0आर0डी0ए0य18, दिनांक 14/मई/2018 उत्तराखंड शासन द्वारा उपरोक्त मोटर मार्ग प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना के अर्न्तगत प्रस्तावित किया गया हैं। ( शासनादेश की फोटो प्रति संलग्न है )

**इस मोटर मार्ग निर्माण हेतु दो समरेखण पर प्रारम्भिक सर्वेक्षण किया गया है जिनका विवरण निम्नलिखित हैः-**

**समरेखण संख्या 01-** इस समर्खण को मानचित्र में लाल रंग से दर्शाया गया है । यह समरेखण नैटवाड़ सेवा मोटर मार्ग के कि0मी0 1.00 से प्रारम्भ होकर **15.00 कि0मी0** लम्बाई में ग्राम कलाप को मोटर मार्ग संयोजकता प्रदान करेगा । समरेखंण के प्रारम्भ बिन्दु का आर0एल0 1300 मीटर है तथा अंतिम बिन्दु का आर0एल0 2087 मीटर है। इस समरेखण में 12 एच0पी0 जो क्रमश (0/15, 0/32, 6/1, 6/40, 8/1, 8/31, 10/24, 11/19, 11/36, 12/14, 12/37, 13/19) में पड़ते है। समरेखण के क्रास सैक्शन (4/40) में रवागाड खड्ड पर 15 मीटर विस्तार के आर0सी0सी0 मोटर सेतु की आवश्यकता होगी, यह समरेखण अधिकांश लम्बाई में वनभूमि से होकर गुजरता है, जिससे प्रथम 2.00 कि0मी0में चीड़ के वृक्ष प्रभावित होते है तथा शेष समरेखण बिना वृक्षो/कम वृक्षो वाली वनभूमि से होकर गुजरता है। इस समरेखण पर मोटर मार्ग निर्माण से समरेखण संखया 02 की अपेक्षा कम लम्बाई में वांछित ग्राम कलाप ब्लाक मुख्यालय से जुड़ जाएगा । तथा रुपिन नदी पार करने हेतु पुर्व निर्मित स्टील गर्डर सेतु जो नैटवाड सेवा मोटर मार्ग के कि0मी0 1.00 में निर्मित है का उपयोग किया जाएगा, जिससे निर्माण में कम समय व कम लागत लगेगा। इस समरेखण से ग्रामीण भी सहमत है।(सहमति पत्र की छायाप्रति संलग्न है।)

इस समरेखण का प्रारम्भ कोटगाँव के स्थान पर नैटवाड़ से किया गया है चूँकि इस समरेखण में नैटवाड़ सेवा मोटर मार्ग के कि0मी0 1.00 मे पूर्व निर्मित सेतु का उपयोग किया जा सकेगा व नए सेतु की आवश्यकता नही होगी एवं साथ ही कुमला गाँव को भी संयोजित किया जा सकेगा तथा मोटर मार्ग (समरेखण संख्या ) 1:18R से प्रारम्भ हो रहा है क्योंकि मोटर मार्ग सुपिन नदी के समानान्तर () अपस्ट्रीम की ओर जा रहा है व अति कठोर चट्टान को बचातें हुए, जो कि नदी सें एक निश्चित दूरी बनाए रखे, तथा एच0पी0 बैन्ड़ की संख्या को कम करने हेतु (समरेखण 01) 1:18R सें प्रारम्भ किया गया है।

**समरेखण में पड़ने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार हैः-**

| Land Category | Length(m) | Area in Hact. |
|---|---|---|
| Forest | 2850 | **2.565** |
| Civil (Including Muck Dumping area -) | 9100 | **8.550** |
| Naap | 3050 | **2.745** |
| **Total** | **15000** | **13.86** |

**TOTAL CIVIL SOYAM** **8.550 Hact.**
**TOTAL RESERVE FOREST** **2.565 Hact.**
**TOTAL NAAP LAND** **2.745 Hact.**

समरेखण से जुड़ने वाले ग्रामों का विवरण निम्मनलिखित है।

| क्र0सं0 | कोड़ | गाँव का नाम | कुल आबादी | अनु0जाति0 आबादी | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 40253 | कलाप | 469 | 94 | - |
| 2. | | कुमाला | 180 | 40 | राजस्व ग्राम नहीं |

**समरेखण संख्या 02**- इस समरेखण को मानचित्र में हरे रंग से दर्शाया गया है। यह समरेखण सांकरी जखोल मोटर मार्ग के कि0मी0 2.00 हे0मी0 (6-8) से प्रारम्भ होकर , 16.00 कि0मी0 लम्बाई में ग्राम कलाप को मोटर मार्ग संयोजकता पेरदान करेगा । समरेखण के प्रारम्भ बिन्दु का आर0एल0 1790 मीटर है तथा अंतिम बिन्दु का आर0एल0 2087 मीटर है। इस समरेखण में 14 एच0पी0 जो क्रमश (0/30, 1/32, 2/32, 3/10, 4/10, 5/7, 6/30, 7/30, 8/8, 8/40, 10/21, 11/2, 13/19, 14/9 ) में पड़ते है। इस समरेखण के प्रथम 5.00 कि0मी0 में सिदरी गाँव की नाप भूमि एवं बगीचे पड़ते है जिसे ग्रामीण मोटर मार्ग हेतु देने को तैयार नही है, तथा समरेखण में रुपिन नदी पर एक 60 मीटर विस्तार का वृहद सेतु भी पड़ेगा जिससे निर्माण में अधिक लागत व समय लगेगा। इस समरेखण पर मोटर मार्ग निर्माण से ग्राम कलाप के ग्रामीणो को ब्लाक मुख्यालय पहुँचने हेतु समरेखण 01 की अपेक्षा 19 कि0मी0 अधिक दुरी तय करनी होगी ।

उक्त को ध्यान में रखते हुए समरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखण नं0 1 को अनुमोदित किया जाता है। इन दोनों समरेखणों का भूवैज्ञानिक द्वारा भी निरीक्षण किया गया है एवं उनके द्वारा समरेखण नं0 1 को मार्ग निर्माण हेतु तकनिकी, पर्यावरणीय एंव भूगर्भीय दृष्टि से उपयुक्त पाया गया है। (प्रतिलिपि संलग्न है) अतः 15.00 कि0मी0 लम्बाई में ग्राम्य विकास विभाग के मानकों के अनुसार 9 मीटर चौड़ाई में आने वाली आरक्षित वन भूमि 2.565, मलवा निस्तारण हेतु आरक्षित वन भूमि शून्य है0, वन पंचायत भूमि शून्य है0, सिविल सोयम भूमि 8.190 है0 एवं मलबा निस्तारण हेतु सिविल सोयम भूमि 0.360 है0 अर्थात कुल 11.115 है0 प्रधानमन्त्री ग्रामीण सड़क योजना (ग्राम्य विकास विभाग) को हस्तान्तरित करने हेतु वन भूमि प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियंता<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>पी0आई0यू0-मोरी<br>उत्तरकाशी | सहायक अभियंता<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>पी0आई0यू0-मोरी<br>उत्तरकाशी | अधिशासी अभियंता<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>पी0आई0यू0-मोरी<br>उत्तरकाशी |

Executive Engineer
P.M.G.S.Y., P.I.U. Mori
(Uttarkashi)

उप निदेशक
गोविन्द वन्यजीव विहार/राष्ट्रीय पार्क
पुरोला (उत्तरकाशी)